CRIME BS इंडिया आपतक आपकी आवाज़ NEWS

साप्ताहिक

# आवाज भंडारा

मुख्य संपादक : नौशिया खान

कार्यकारी संपादक : शुभम देशमुख

● वर्ष -३ ●अंक - ४५ ●बुधवार दि.२८ अगस्त २०२४ ● RNI No.-MAHBIL/2021/80357 ● पृष्ठ -४ मुल्य -२ रू. ● Gmail-awazbhandara@gmail.com

# एक सिंघम गए तो दुसरे सिंघम आये....

## अवैध व्यवसाय करने वालों को तीन तरह से समझाएंगे IPS नुरुल हसन

## IPS नूरुल हसन ने पदभार संभालते ही पत्रकारों से की बातचीत

## भंडारा के नई सिंघम ने सभी अवैध व्यवसाय करने वालों को दी चेतावनी

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**



**भंडारा :** भंडारा पुलिस अधीक्षक का पद भार संभालते ही आईपीएस नुरुल हसन ने पहली बार पत्रकारों की पत्रकार परिषद ली, जिसमें सभी पत्रकारों के साथ बातचीत कर भंडारा जिले की समस्या को जाना और क्राइम और अवैध व्यवसायों पर अंकुश लगाने हेतु किस तरह से कार्रवाई की जाए और किस-किस जगह कैसे-कैसे अवैध धंधे चल रहे हैं इसकी जानकारी ली। साथ ही पत्र परिषद में अवैध व्यवसाय करने वाले जैसे जुआ, सट्टा , चोरी ,रेती तस्करी ,गौ तस्करी गांजा, चरस, अफीम जैसे अन्य व्यवसाय करने वालों को चेतावनी दी की,अवैध व्यवसाय तुरंत बंद कर दे।

साथ ही भंडारा पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को सतर्क किया कि अवैध व्यवसाय करने वालों से किसी भी तरह से संपर्क ना रखें. कोई भी अवैध कार्य नजर आने पर या अवैध धंधे शुरू रहने पर उस पुलिस अधिकारी और संबंधित पुलिस कर्मचारियों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी. जिस तरह से वर्धा जिले के सभी अवैध व्यवसाय बंद किए गए हैं,उसी तरह भंडारा जिले के भी अवैध व्यवसाय पर आईपीएस नुरुल हसन लगाम लगाएंगे ऐसा कहा है ।

साथ ही महिला और बच्चों की सुरक्षा की और ज्यादा से ज्यादा ध्यान देकर कार्य करेंगे ऐसी जानकारी दी है । अपने काम करने की नीति बताते हुए किसी भी प्रकार के अवैध व्यवसाय करने वाले और उनका सहयोग करने वालों को तीन तरह से समझाया जाएगा जिस तरह से एक बीमार व्यक्ति को डॉक्टर के पास ले जाया जाता है पहले उसका साधारण इलाज किया जाता है, फिर गोली दी जाती है इससे आराम नहीं हुआ तो इंजेक्शन दिया जाता है और इससे भी आराम नहीं हो तो उसका ऑपरेशन किया जाता है उसी प्रकार भंडारा के नए सिंघम अवैध व्यवसाय करने वालों और उन्हें सहयोग करने वालों को पहले समझाएंगे फिर गोली देंगे इससे भी नहीं माने तो उन्हें इंजेक्शन देंगे इसके बाद भी नहीं माने तो उनका पूरी तरह से ऑपरेशन करेंगे



ताकि भंडारा जिले में क्राइम और अवैध व्यवसायों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके आईपीएस नुरुल हसन ने भंडारा जिला वासियों को निवेदन किया है कि आपके जिले में तालुका में गांव में या आपके वार्ड में किसी भी तरह के अवैध व्यवसाय या कोई जुर्म या अत्याचार हो रहा है तो उसकी जानकारी आईपीएस नुरुल हसन के व्हाट्सअप नंबर 7822835311 पर दे ।

जो लोग ऐसी जानकारी देंगे उनका नाम गुप्त और सुरक्षित रखा जाएगा ऐसा आश्वासन भंडारा पुलिस अधीक्षक आईपीएस नुरुल हसन ने दिया है।

## कानुन व्यवस्था और क्राईम पर लगाया अंकुश

## गुन्हेगारो पर की MPDA कारवाई

## बच्चो के भविष्य बनाने के लीए MPSC-UPSC मार्गदर्शन कर छात्रो का बनाया भविष्य



**भंडारा जिले के पूर्व पुलिस अधीक्षक लोहित मतानी जिन्हे जिले मे सिंघम के नाम से जाना जाता है ने जिले में कानून और सुव्यवस्था बनाई रखी और इनके कार्यो से खुश होकर भंडारा जिले सभी धर्म के लोग इन्हे बहोत चाहने लगे और इनकी हर जगह प्रसंशा की जाती है।** भंडारा जिले के सिंघम माने जाने वाले पुलिस अधीक्षक लोहित मतानी ने जिला वासियों के मन में जिले में आने के कुछ ही दिनो में अपनी जगह बनाई। साथ ही उन्होंने जिले में चल रहे अवैध व्यवसायों पर समय समय पर कार्यवाही की। महत्वपूर्ण बात यह है की उन्होंने जिले में युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए एक मोहिम शुरू कर जिले एक प्रथम पुलिस अधीक्षक बने।

भंडारा पुलिस अधीक्षक लोहित मतानी के तबादले के बाद जिले के कई पुलिस अधिकारी और कर्मचारी भावुक हो गये हैं. नागपुर सिटी पुलिस बल में डिप्टी कमिश्नर के रूप में काम करते हुए मतानी ने लीक से हटकर कई महत्वपूर्ण गतिविधियों को अंजाम दिया। मतानी ने अपने सहयोगियों की मदद से कोविड महामारी के दौरान नागपुर में एक बुजुर्ग महिला के लिए रातोंरात घर बनाया। उस समय माहौल कोविड महामारी और मूसलाधार बारिश जैसा था. मतानी के काम की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई. नागपुर शहर में डीसीपी के रूप में काम करते समय उनके आसपास कभी कोई विवाद नहीं खड़ा हुआ।

उप राजधानी में अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद मतानी को भंडारा जिले में स्थानांतरित कर दिया गया था। भंडारे में भी मतानी के नाम पर कभी विवाद नहीं उठा. देशभर से यूपीएससी परीक्षा में 188वीं रैंक हासिल करने वाले 34 वर्षीय लोहित मतानी ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए बहुमूल्य काम किया है। उन्होंने जिले के कई पुलिस परिवारों का पितृत्व स्वीकार किया। पुलिस के उन्होंने स्वयं परिवार के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन किया।उन्होंने पुलिसकर्मियों के परिवारों के लिए भंडारा में कौशल योजना शुरू की। भंडारा पुलिस बल में पहली बार गणेशोत्सव मनाया गया. मतानी खुद साइबर क्राइम में पीएचडी हैं। हैं इसलिए, उनके अनुभव से पुलिस को भंडारा जिले में साइबर अपराध को नियंत्रित करने में मदद मिली। दो साल का कार्यकाल पूरा कर चुके मतानी अब राज्य की राजधानी मुंबई जाएंगे। लोहित मतानी नाम ने भंडारा जिले में पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों का दिल जरूर जीत लिया है। प्रशिक्षण के दौरान लड़ने की भावना वाले व्यक्ति को किसी भी स्थिति में कठोर होने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। इस कठोर प्रशिक्षण को पूरा करने के बाद ऐसा व्यक्ति 'वर्दी' पहनता है। यह वर्दी या तो सिपाही की होती है या पुलिस अधिकारी की। वर्दी कोई भी हो, सिर और कंधों पर शाही मुहर लगाने का अधिकार केवल वर्दीधारियों को ही मिलता है। तो क्या लोहित मतानी वर्दी की शान बरकरार रखने में कामयाब हो गए हैं? इसका जवाब भंडारा पुलिस और उनके परिवार ही दे सकते हैं. लोहित मतानी उन लोगों में से नहीं हैं जो ट्रांसफर ऑर्डर से परेशान हो जाते हैं. आज वह एसपी हैं. कल आईजी, एडीजी और कभी-कभार डीजी भी होंगे. अगर आप पूछना चाहते हैं कि लोहित मतानी ने क्या किया और वे कैसे हैं, तो आपको नागपुर की उस बूढ़ी दादी से पूछना होगा।

# जिले में चलाए गए अभियान में मिले 36 शालाबाह्य विद्यार्थी

## 15 बच्चों ने लिया शाला में प्रवेश

## 13 बच्चों के अभिभावकों ने शिक्षा दिलाने का गारंटी पत्र भरा

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**



**भंडारा :** जिला परिषद की ओर से जुलाई महीने में शालाबाहा विद्यार्थियों की खोज करने के लिए अभियान चलाया गया। जिसमें 36 सालाबाह्य विद्यार्थी मिले हैं। इसमें से 21 विद्यार्थी स्थानांतरण है। 15 बच्चों को शाला में प्रवेशित किया गया है। जिले में शालाबाह्य विद्यार्थियों के खोज करने के लिए 5 से 20 जुलाई तक अभियान चलाया गया। इस दौरान 13 बच्चे के अभिभावकों ने शिक्षा दिलाने का गारंटी पत्र भरा है।

शाला में न पढ़ने वाले विद्यार्थियों की तहसील निहाय संख्या दर्ज की गई। जिसमें भंडारा तहसील में कक्षा पहली से पांचवी कक्षा की 6 लड़के 2 लड़कियां कक्षा 6 से आठवीं कक्षा के तीन लड़के लड़कियां कक्षा 9 से 12 वीं कक्षा 1 लड़का 1 लड़की है। अन्य तहसीलों में शालाबाह्य विद्याथों नहीं मिले। यह सभी बच्चे भंडारा तहखेल में मिले हैं।

जिसमें कक्षा । श्रेणी में 3 से 18 आयु गुट के कभी शाला नहीं गए बच्चों की संख्या 5 है। एक-दो माह या से अधिक अनियमित बच्चों की संख्या 10 है। इन बच्चों का शाला में नाम दाखिल किया गया है। जिले के तहत स्थलांतरित होकर गए बच्चों की संख्या 5 है। दूसरे जिले में गए बच्चों की संख्या आठ है। दूसरे राज्य से यहां बच्चों का स्थानांतरण हुआ है। कुल संख्या 21 है। भंडारा शहर में फिलहाल महामार्ग और भुयारी गटर योजना के कार्य शुरू हैं। यहां अधिकांश मजदूर दूसरे जिले और दूसरे राज्य से आए हैं। इनके बच्चों में वर्धा - 1. नागपुर- 2. पंजाब राज्य से 5 गुजरात से बच्चे का समावेश है। जिसमें 14 लड़के और लड़कियों का समावेश है।

# हजरत बाबा मस्तान शाह दरगाह का मनाया जा रहा सालाना उर्स

## उर्स के मौके पर निकाला गया हर्षोल्लास से संदल

## हजारों की संख्या में नागरिक मौजूद

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**





**भंडारा :** भंडारा शहर के जाने माने हजरत बाबा मस्तान शाह दरगाह का उर्स हर साल बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हजरत बाबा मस्तान शाह दरगाह का 71 वा उर्स मनाया जा रहा है जिसमे सुबह संदल निकाल कर पूरे शहर का भ्रमण किया गया जिसमे शेर बने नन्हे मुन्ने बच्चो ने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया इस संदल में हजारों की संख्या में नागरिक मौजूद थे जिसमे हिंदू मुस्लिम भाई एकसाथ आकार एकता का मिसाल बने भंडारा शहर में कोई भी त्योहार हो लेकिन हर त्योहार में हिंदू मुस्लिम भाई एकसाथ होकर त्योहार आनंद से मनाते हैं.

हजरत बाबा मस्तान शाह दरगाह में सिर्फ भंडारा शहर के ही नही बल्कि अनेक जिले के लोग भी एकत्रित होते है और दरगाह में फूल और चादर चढ़ाकर दुआए मांगते है इस उर्स के मौके पर दरगाह को बेहद खूबसूरत सजाया जाता है जिससे दरगाह आकर्षण का केंद्र बन जाती है शाम को दरगाह में आए दूर दूर से नागरिकों के लिए लंगर का इंतजाम किया जाता है जिसमे हजारों की संख्या में नागरिक लंगर का लुफ्त उठाते है.

# 10 दिन बाद भी पिंजरे में नहीं आया तेंदुआ

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**अड्याल :** तहसील के अड्याल वनपरिक्षेत्र अंतर्गत आनेवाले रानपौना में तेंदुए ने तीन बकरियों का शिकार किया था। जिससे गांव में दहशत का माहौल निर्माण होने से वन अधिकारियों ने टीम समेत घटनास्थल पर पहुंचकर तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा एवं ट्रैप कैमरे लगाए। किंतु 10 दिन की अवधि होने के पश्चात भी तेंदुआ पिंजरे में नहीं आया। पिंजरे में रखी गई बकरी को दो दिन के पश्चात बाहर निकाला। तेंदुआ कहां गया? ऐसा सवाल निर्माण हुआ है। इस परिसर में तीन तेंदुए के अधिवास होने की जानकारी दी गई थी। किंतु तेंदुए को पकड़ने में सफलता नहीं मिली है। गांव की तीन बकरियों का शिकार करने के पश्चात वन अधिकारियों की टीम घटनास्थल पर पहुंची थी। ट्रैप कैमरे भी लगाए गए, किंतु इन कैमरे का कोई भी उपयोग नहीं हुआ। तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाया गया पिंजरा अब भी वहीं पर है

# बंडू बारापात्रे ने मार्केट का गेट बंद करने के बाद व्यापारियों और किसानो में बढ़ा रोष....

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**भंडारा :** भंडारा शहर के महात्मा ज्योतिबा फुले सब्जी मार्केट में 24 अगस्त 2024 को बिटीबी के संस्था के अध्यक्ष बंडू तानाजी बारापत्रे ने जबरन 2 बजे के दरम्यान मार्केट का पीछे का गेट याने 3 नंबर का गेट बंद कर दिया जिस कारण उस गेट से होने वाला व्यवसाय बंद हो जाता है और व्यापारियों को नुकसान होता हैं ।

महात्मा ज्योतिबा फुले सब्जी मार्केट के व्यापारियों और किसानो ने एक साथ हो कर जबरन बंद कर रहे गेट का विरोध करते हुए बंडू तानाजी बारापात्रे को गेट पर बुलाया गया और उनसे निवेदन किया गया की,यह गेट 5 बजे तक शुरू रखा जाए,ताकि आने जाने वाले व्यापारियों को और ग्राहकों को आसानी हो लेकिन इस विषय को बढ़ाने के नेतृत्व से बंडू बारापत्र ने कहा की जिलाधिकारी या नगरपरिषद की अनुमति लानी होंगी।





इस बात से व्यापारियों का रोष बढ़ने लगा और उनका कहना था की 30जुलाई को बिटीबी और नगरपरिषद का 9 साल की लीज का कार्यकाल खत्म होने के बाद बिटीबी संस्था का महात्मा ज्योतिबा फुले सब्जी मार्केट में कोई अधिकार नहीं बचा,ऐसा नगरपरिषद ने बताया इसलिए 9 से 10 सालो से बिटीबी के अत्याचारों से मुक्त हुए व्यापारियों ने गेट को अपनी सुविधा नुसार शुरू रखने की मांग की,लेकिन बिटीबी संस्था के अध्यक्ष बंडू बारापात्रे ने गेट पर ताला लगाया और नगरपरिषद या जिलाधिकारी का पत्र लाओ उसके बाद मैं गेट खोलता हूं ऐसा कहा जिसके बाद व्यापारी और किसानो का आक्रोश बढ़ा । और उन्होंने जल्द से जल्द गेट खोलने की मांग की है।

# लाडली योजना में फांस कर सत्ता चाहती है महायुति

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

गोंदिया : अनिल देशमुख ने राज्य के चुनावों में देरी के लिये भाजपा पर आरोप लगाए, और कहा कि लोकसभा चुनाव से मिले परिणाम से भाजपा और महायुति सरकार घबरा गई है. राज्य में फिर वापसी करने के लिये उन्होंने अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने के लिये लाडली बहना योजना शुरू की है. यदि समय पर चुनाव घोषित हो जाते तो लाडली बहना योजना को शुरू नहीं किया जा सकता था.

इसलिये भाजपा ने लाडली बहना योजना के जाल में बहनों को फंसाकर वापस सत्ता में लौटने का षड्यंत्र रचा है, लेकिन भाजपा इस षडयंत्र में कामयाब नहीं होगी, क्योंकि भाजपा की सरकार ने पूरे कार्यकाल में सिर्फ जनता के साथ वादाखिलाफी ही की है. हमारी सरकार आयेगी तो हम लाडली बहनों को तीन हजार रुपये प्रतिमाह देंगे.

वे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकताओं की बैठक लेकर आगामी चुनावी तैयारियों के दृष्टिकोण से मार्गदर्शन प्रदान करने शहर में आए थे. उन्होंने कहा कि गोंदिया-भंडारा जिले की 7 विधानसभा में से 3 विधानसभा में हमारी दावेदारी मजबूत है. तिरोड़ा, अजुर्नी मोरगांव और तुमसर में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) का ही उम्मीदवार मैदान में होगा.

## संपादकीय

# शाळा प्रशासनाने जागे राहावे



घटना ऐकल्यानंतरच तळपायाची आग मस्तकात जावी इतका संतापजनक प्रकार बदलापूरच्या शाळेत चिमुकल्यांच्या बाबतीत घडला आहे. या प्रकरणामुळे शालेय विद्यार्थ्यांच्या सुरक्षेवावत गंभीर चिंता निर्माण झाली आहे. या घटनेने पालक, शिक्षक आणि समाजात भीती आणि अस्वस्थता पसरली आहे. शाळा हे विद्यार्थ्यांसाठी केवळ शिक्षणाचे केंद्र नसून ते त्यांच्यासाठी सुरक्षित ठिकाण असावे हे लक्षात घेता बदलापूरमधील ही घटना अत्यंत गंभीर आहे. ही घटना भारतातील एकमेव आहे असेही नाही. बाललैंगिक अत्याचाराच्या घटनांचे प्रमाण वाढत असल्याचे नॅशनल क्राईम रेकॉर्ड्स ब्युरोच्या अहवालावरून दिसून येते.

अलीकडचा अहवाल उपलब्ध नसला तरी २०२१ मध्ये भारतात एकूण ४८ हजार ८९ घटना पोक्सो अंतर्गत नोंदवण्यात आल्या. हा आकडा २०२० मधील ४७ हजार २२१ घटनांच्या तुलनेत वाढ दर्शवतो. भारतामध्ये २०१२ मध्ये हाप्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल अफिन्सेस ॲक्ट (पोक्सो) कायदा लागू झाला, ज्यामुळे बाललैंगिक अत्याचाराच्या घटनांची नोंद आणि न्याय प्रक्रिया अधिक प्रभावी झाली, परंतु तरीही या प्रकारच्या गुन्ह्यांची संख्या चिंताजनक पातळीवर आहे. खरेतर पोक्सो कायद्याशिवाय २०१३ च्या क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट ॲक्टद्वारे कठोर शिक्षा आणि त्वरित न्याय प्रक्रिया लागू करण्याची तरतूद केली आहे. या कायद्यांच्या अंतर्गत मुलांवरील लैंगिक अत्याचार करणाऱ्यांना कठोर शिक्षा दिल्या जातात, ज्यात फाशीची शिक्षादेखील समाविष्ट आहे, तथापि या कायद्यांच्या प्रभावी अंमलबजावणीसाठी प्रशासनिक आणि न्यायिक प्रक्रियेत सुधारणा आवश्यक आहे.

म्हणूनच त्वरित तक्रार नोंदणी, तपास आणि न्याय प्रक्रिया अधिक जलद आणि प्रभावी होण्यासाठी प्रयव करणे गरजेचे आहे. महत्त्वाचे म्हणजे विद्यार्थ्यांच्या सुरक्षेला शाळेत सर्वोच्च प्राधान्य द्यायला हवे. सुरक्षेच्या बाबी शाळा सुरू होतानाच तपासणे गरजेच्या आहेत, परंतु आपल्याकडे बदलापूरसारखी विदारक घटना घडते आणि त्यानंतर शिक्षण व्यवस्थेला जाग येऊन ते राज्यस्तरीय समिती वगैरे स्थापन करण्याच्या हालचाली करतात. प्रत्यक्षात घटना घडून काही दिवस उलटले की पहिले पाढे पंचावन्न, बदलापूर घटनेतील प्रमुख आरोपी हा कंत्राटी कर्मचारी आहे. कंत्राटी पद्धतीवर कर्मचारी नियुक्त करण्याचे धोरण शासनाचेच आहे. त्यामुळे या घटनेला शासनही तितकेच जबाबदार आहे. सर्वच कंत्राटी कर्मचारी वाईट वृत्तीचे असतात असे मुळीच नाही, पण जेव्हा कोणत्याही क्षेत्रात कायम सेवेत कर्मचाऱ्यांना घेतले जाते त्यावेळी कर्मचाऱ्यांची इत्थंभूत माहिती संबंधित संस्थांकडे असते, परंतु कंत्राटी कर्मचाऱ्यांच्या बाबतीत तितकी काळजी घेतली जात नाही. त्यातून गुन्हेगारी वृत्तीच्या लोकांचीही नियुक्ती होण्याचा धोका असतो. बदलापूर प्रकरणाच्या माध्यमातून स्पष्ट झाले की शाळांमध्ये सुरक्षा व्यवस्थेतील त्रुटी आहेत, ज्याचा फटका निरपराध विद्यार्थ्यांना बसत आहे. या पार्श्वभूमीवर शाळा व्यवस्थापनाने शाळेच्या परिसरात कडक सुरक्षा व्यवस्था असावी याची खात्री करणे आवश्यकच आहे. ज्यामध्ये सीसीटीव्ही कॅमेरे, योग्य प्रकाशयोजना आणि सुरक्षा कर्मचाऱ्यांची नियुक्ती असावी. पालकांनादेखील त्यांच्या मुलांच्या सुरक्षिततेबाबत शाळांशी सतत संवाद साधण्याची आवश्यकता आहे. अनेकदा पालकांना त्यांच्या मुलांच्या सुरक्षेबद्दल असलेला धोका स्पष्टपणे कळत नाही किंवा त्यांच्यावर आवश्यक तो विश्वास ठेवला जातो, ज्यामुळे असे गंभीर प्रसंग घडू शकतात. पालकांनी आपल्या मुलांच्या शाळेतल्या दैनंदिन जीवनावर लक्ष ठेवायला हवे आणि त्यांना सुरक्षेबाबत जागरूक करायला हवे. शाळेतील विद्यार्थ्यांच्या सुरक्षेबाबत शिक्षकांची जबाबदारीदेखील मोठी आहे. विद्याध्यर्थ्यांना त्यांच्याशी होणाऱ्या कोणत्याही प्रकारच्या गैरवर्तनाबद्दल बोलता येईल असे वातावरण तयार करायला हवे, जेणेकरून अशा घटना लवकरच समोर येतील आणि त्यावर कारवाई होईल. शाळा आणि पालकांमध्ये नियमित संवाद असावा, ज्याद्वारे विद्यार्थ्यांच्या सुरक्षिततेच्या प्रश्नांवर चर्चा करता येईल. विद्यार्थ्यांच्या सुरक्षेसाठी कडक धोरणे आणि नियम बनवणे आवश्यक आहे, ज्यामुळे शाळेतील सुरक्षितता सुनिश्चित होईल. अशा धोरणांमध्ये संभाव्य धोका ओळखून त्वरित प्रतिसाद देण्याची क्षमता असावी, त्यावर तेथील पदाधिकाऱ्यांनी बारकाईने लक्ष ठेवण्याची गरज आहे. शाळा व्यवस्थापनाला या घटनेने त्यांच्या सुरक्षा व्यवस्थांबद्दल पुनर्विचार करण्याची गरज दाखवून दिली आहे. केवळ शारीरिक सुरक्षा व्यवस्थाच नव्हे, तर विद्यार्थ्यांच्या मानसिक आणि भावनिक सु- रक्षिततेबाचतही व्यवस्थापनाला विचार करावा लागेल.

त्यात विद्यार्थ्यांवर सतत लक्ष ठेवणे, त्यांचे हितसंबंध जपणे आणि त्यांना सुरक्षिततेच्या उपाययोजनांबद्दल शिक्षित करणे या बाबींचा समावेश होती. या घटनेने शालेय विद्यार्थ्यांच्या मानसिकतेवर गंभीर परिणाम होऊ शकतो. अशा वेळी विद्यार्थ्यांच्या मानसिक स्वास्थ्याची काळजी घेणे महत्त्वाचे आहे. शाळा प्रशासनाने आणि पालकांनी मानसिक स्वास्थ्य तज्ज्ञांची मदत घेतली तर विद्यार्थ्यांना अशा धक्क्यातून सावरता येईल. शाळेतील सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करण्यासाठी सरकारच्या पातळीवरही कठोर उपाययोजना गरजेच्या आहेत. शालेय सुरक्षा धोरणे, नियम आणि सुरक्षा व्यवस्थांचे निमित परीक्षण होणे आवश्यक आहे, ज्यामुळे विद्यार्थ्यांच्या सु- रक्षिततेला कोणताही धोका निर्माण होणार नाही. अशा घटना पुन्हा घडू नयेत यासाठी सर्व स्तरावर तातडीने आणि निर्णायक पावले उचलण्याची गरज आहे. शाव्य, पालक, शिक्षक आणि सरकारने एकत्रितपणे काम करून शाळेतील विद्यार्थ्यांसाठी सुरक्षित वातावरण तयार करायला हवे, जेणेकरून अशा दुदैर्वी घटनांना आळा घालता येईल.

# शादी का झांसा देकर किया शारीरिक शोषण

## किसी को बताने पर दी जान से मारने की धमकी, आरोपी पर मामला दर्ज

आवाज भंडारा / प्रतिनिधी



**तुमसर :** मोबाइल के माध्यम से युवती से जान पहचान हुई। दोनों में दोस्ती बढ़ी। ऐसे में आरोपी ने पीड़िता से शादी का वादा करके जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। इस बात की जानकारी किसी को दी तो मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

इस मामले में आखिरकार पीड़िता ने तुमसर पुलिस थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई। आरोपी का नाम तुमसर तहसील के मांगली निवासी राहुल बिसने (23) है। सितंबर 2023 से 21 अगस्त 2024 के दौरान तुमसर बसस्टैंड, चांदपुर एवं सुभाषचंद्र बोस अस्पताल तुमसर पर आरोपी ने पीड़िता के साथ शादी का वादा कर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए।

पीडित युवती ने मिलने से मना करने पर आरोपी ने पीड़िता को मारपीट की और गालीगलौज करके जान से मारने की धमकी दी। तुमसर पुलिस थाने में आरोपी राहुल बिसने के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# न. प. भंडारा अंतर्गत पथ विक्रेता समिती सदस्यांची निवडणूक बिनविरोध

आवाज भंडारा / प्रतिनिधी



**भंडारा :** नगर परिषद भंडारा तर्फे घेण्यात आलेल्या पथ विक्रेता समिती सदस्यपदाच्या निवडणुकीत सर्व सदस्य बिनविरोध निवडून आले. निवडणूक निर्णय अधिकारी तथा मुख्याधिकारी करणकुमार चव्हाण यांच्या हस्ते नवनिर्वाचित सदस्यांना प्रमाणपत्र देऊन त्यांचा सत्कार करण्यात आला. या निवडणुकीत सर्वसाधारण खुला गटातून जयराम शिवराम ठोसरे, दयाल शामराव चौबे, सर्वसाधारण (महिला राखीव) उषा अशोक पंडेल, अनुसूचित जाती (महिला राखीव) गटातून दुर्गा रवींद्रप्रसाद लोले, अनुसूचित जमाती गटातून मनोज रामलाल वलके, इतर मागासवर्ग (महिला राखीव) गटातून अनिता रवी शिरसागर, अल्पसंख्याक गटातूनअख्तर बेग मिर्झा अलीयार बेग मिर्झा व विकलांग/दिव्यांग गटातून शंकर महादेव बावनकुळे बिनविरोध निवडून आले आहेत.

नगर परिषद भंडारा, नगर पथ विक्रेता (उपजिविका संरक्षण व पथ विक्री विनियमन) अधिनियम, २०१४ अंतर्गत महाराष्ट्र पथविक्रेता (उपजिविका संरक्षण व पथ विक्री विनियमन) अधिनियम २०१६ अन्वये नगर परिषद क्षेत्रातील पथ विक्रेत्यांचे विनियमन व नियंत्रण करण्याकरिता एकूण २० सदस्यांची नगर पथ विक्रेता समिती स्थापन करण्यात येत आहे.

यामध्ये शासकीय विभागातील ५ व इतर अशासकीय संघटना / संघ मधून ७ त्याच बरोबर पथ विक्रेत्यांचे ८ सदस्य असतील. हे पथ विक्रेत्यांचे ८ सदस्य नोंदणीकृत पथ विक्रेत्यांमधून निवडणुकीद्वारे घेण्याचे अधिनियम २०१४ मध्ये नमूद आहे. त्याचप्रमाणे नगर परिषद अंतर्गत ०२ ऑगस्ट २०२४ रोजी निवडणूक कार्यक्रम जाहीर करण्यात आला. यात १२ ते १३ ऑगष्ट पर्यन्त नामनिर्देशन पत्र स्विकारण्यात आले. यामध्ये सदस्य पदासाठी ८ अर्ज प्राप्त झाले.

प्रवर्गनिहाय ८ अर्ज प्राप्त झाल्याने सर्वचआठही सदस्यांची २२ ऑगष्ट रोजी बिनविरोध निवड करण्यात आली. निवडणूक निर्णय अधिकारी तथा मुख्याधिकारी यांनी आठही सदस्यांना विजयी घोषित करीत सदस्यांना प्रमाणपत्राचे वाटप करण्यात आले. याप्रसंगी निवडणूक निर्णय अधिकारी तथा मुख्याधिकारी, करणकुमार चव्हाण, सहा. निवडणूक निर्णय अधिकारी तथा सहा. नगर रचनाकार मुकेश कापसे, निवडणूक नोडल अधिकारी तथा प्रशासकीय अधिकारी गणेश मुळे व शहर अभियान व्यवस्थापक प्रवीण पडोळे, प्रकाश बांते व समूह संघटक उषा लांजेवार, रेखा आगलावे व नगर परिषद चे अधिकारी कर्मचारी उपस्थित होते.

# लाखांदुरात शांती मार्च धडकला तहसील कार्यालयावर

आवाज भंडारा / प्रतिनिधी

**लाखांदूर :** तालुक्यात बंदला संमिश्र प्रतिसाद दिसून आला. हजारो नागरिकांचा शांती मार्च लाखांदूर तहसील कार्यालयावर धडकला. लाखांदुरात भारत बंद व शांती मार्चचे आयोजन बुद्धिस्ट समाज संघर्ष समिती व समता सैनिक दलाच्या वतीने करण्यात आले होते. मोचार्नंतर झालेल्या सभेच्या अध्यक्षस्थानी प्रा अनिल काणेकर यांच्यासह रोशन फुले उपस्थित होते. प्रमुख पाहुणे म्हणून भंडारा जि. प.चे माजी अध्यक्ष रमेश डोंगरे, माजी सभापती चंद्रशेखर टेंभुर्णे, जि. प. सदस्य विशाखा माटे, लाखांदूर न.प.चे माजी गटनेते रामचंद्र राऊत, दीपक चिमणकर, प्रकाश रंगारी, दीक्षा बोदेले यासह अन्य उपस्थित होते.

# जिल्ह्यातील बचत गटांना उमेद अंतर्गत एकाच दिवशी १८ च्या बँक कर्ज वितरण



आवाज भंडारा / प्रतिनिधी

**भंडारा :** दिनांक २५ ऑगस्ट रोजी पोलीस मुख्यालय येथील बहुउद्देशीय हॉल येथे उमेद- महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण जीवनोन्नती अभियान अंतर्गत लखपती दीदी संमेलन आयोजित करण्यात आले होते सदर कार्यक्रमात माननीय पंतप्रधान नरेंद्र मोदी यांच्या जळगाव येथील कार्यक्रमाचे दूर प्रक्षेपण करण्यात आले. तसेच भंडारा तालुक्यातील ४४५ महिलांना लखपती दीदी प्रमाणपत्र देऊन गौरविण्यात आले. विशेष म्हणजे आज या कार्यक्रमाच्या निमित्त साधून विविध बँकांच्या माध्यमातून जिल्ह्यातील महिला ५१७ बचत गटांना १८ कोटी चे कर्ज वितरण मान्यवरांच्या हस्ते करण्यात आले.

।।प्रसंगी जिल्हा परिषद भंडाराचे मुख्य कार्यकारी अधिकारी समीर कुर्तकोटी, पंचायत समिती भंडारा चे उपसभापती प्रशांत खोब्रागडे, जि. प. सदस्य विनोद बांते यांनी प्रामुख्याने उपस्थित राहून मार्गदर्शन केले. यावेळी उमेदचे जिल्हा समन्वयक गौरव तुरकर व इतर पदाधिकारी उपस्थित होते. कार्यक्रमाचे प्रस्ताविक प्रकल्प संचालक विवेक बोंद्रे यांनी लखपती दीदी संकल्पने बद्दल मार्गदर्शन केले. जिल्हा अग्रणी बँकेचे व्यवस्थापक गणेश तईकर यांनी सर्व बँकर्सचे आभार व्यक्त केले. जलगांव येथे पंतप्रधान नरेंद्र मोंदी यांच्या सोबत संवाद करण्याकरिता भंडारा तलुक्यातील श्रीमती जया पंचबुद्दे (कृषी सखी) यांना संधी मिळाली हे विशेष. यावेळी मोठ्या प्रमाणात महिला उपस्थित होत्या.

# रोजगार हमी योजनेची कामे मंजूर करा

आवाज भंडारा / प्रतिनिधी



**साकोली :** नगर परिषद व नगरपंचायत क्षेत्रा अंतर्गत नागरिकांना रोजगार हमी योजनेच्या माध्यमातून काम मिळावे व गरीब कुटुंबातील लोकांच्या हाताला काम मिळावे याकरिता राज्य रोजगार हमी योजनेची कामाना मंजूरी प्रदान करण्याचे अनुषंगाने प्रस्ताव शासन दरबारी मंजूर करून स्थानिक नागरिकांना रोजगार लवकरात लवकर मिळावे याकरिता साकोली सेंदूरवाफा नगरपरिषदेचे माजी नगरसेवक रवीभाऊ परशुरामकर यांच्या नेतृत्वात नुकतेच माजी मंत्री व आमदार डॉ. परिणय फुके यांना निवेदन देण्यात आले आहे.

जिल्हाधिकारी, भंडारा यांचे कार्यालयीन पत्र क्र. कार्या-४/ कलि-२/नपात्र/ कावि-४९/ २०२२ दि. २६/ ०१/२०२२.मगिल,२४/०१/ २०२२ला जिल्हा प्रशासन अधिकारी नगरपालिका प्रशासन जिल्हाधिकारी कार्यालय भंडारा यांना २,७६,५८,६६५ लक्ष रूपयाचा प्रस्ताव पांदन रस्ते व तलाव खोलीकरन करण्याचे प्रस्ताव सादर केले आहे ह्लक ह्लवर्ग नगर परिषद व नगरपंचायती क्षेत्रात राज्य रोजगार हमी योजनेची अंमलबजावणी करणे करिता नगर परिषद साकोलीकडून प्रस्ताव जिल्हाधिकारी यांना पाठविण्यात आले असून त्या प्रस्तावाच्या अनुषंगाने जिल्हाधिकारी यांनी आयुक्त तथा संचालक, नगरपरिषद प्रशासन संचालनालय, मुंबई यांना दि. २६/०१/२०२२ ला पाठविलेले असून सदर प्रस्तावाच्या अनुषंगाने अजूनपर्यंत प्रस्ताव प्राप्त झालेले नाही.

त्यामुळे नगर परिषद क्षेत्रात कामांचे नियोजन करून कामांचे आराखडे व लेबर बजेट तयार असून सभेची मंजुरी सह पाठविण्यात आलेले असून सदर प्रस्तावास मंजुरी प्राप्त करून द्यावी अशा प्रकारचे निवेदन आ. डॉ.परिणय फुके यांना रविभाऊ परशुरामकर माजी नगरसेवक, नितिन खेड़िकर सहर अध्यक्ष साकोली सेंदुरवाफा, विलास समरित, ललित खराबे आदी गणमान्य व्यक्ती व नागरिक उपस्थित होते . त्या अनुसंगाने आमदरा डॉ परिणय फूके यानी आयुक्त तथा संचालक नगरपरिषद संचालनालय मुंबई यांना पत्र दिले असून भ्रमणध्वनीद्वारे आयुक्त यांनी डॉक्टर परिणय फुके यांना याबाबत लवकरच निर्णय घेण्यात येईल, अशी माहिती दिली. माजी नगरसेवक रवी परशुरामकर यांनी या माहितीला दुजोरा दिला असून लवकरच साकोली नगरपरिषद क्षेत्रामध्ये रोजगार हमीच्या कामांना मंजुरी प्रदान करण्यात येईल असे आश्वासन सुद्धा रविभाऊ परशुराम कर यांनी स्थानिक नागरिकांना दिले आहे.

# भेल प्रकल्प सुरू न झाल्यास निवडणुकीवर बहिष्कार

आवाज भंडारा / प्रतिनिधी

**साकोली :** साकोली तालुक्यातील मुंडीपार येथील महत्त्वाकांक्षी भेल प्रकल्प सुरू करण्याबाबत कुठल्याही हालचाली न झाल्यास मुंडीपार, खैरी, बाह्मणी या तीन गावांतील नागरिकांनी विधानसभा निवडणुकीत मतदानावर बहिष्कार टाकण्याचा निर्णय घेतला आहे. याबाबत ग्रामस्थांनी मागण्यांचे निवेदन तहसीलदार नीलेश कदम यांच्यामार्फत जिल्हाधिकाऱ्यांना पाठविले आहे.

साकोली तालुक्यातील भेल प्रकल्प सुरू करण्याच्या मागणीसाठी मुंडीपार येथील ग्रामस्थांनी ५ जुलै पासून उपोषण पुकारले आहे. या आंदोलनाला ५० दिवस पूर्ण झाले असताना आंदोलकांना आश्वासना पलिकडे काहीच मिळालेले नाही.

आता तर प्रशासन आणि राजकीय स्तरावर या उपोषणाला बेदखल करण्यात आले. त्यामुळे मुंडीपार, खैरी, बाह्मणी या गावातील नागरिकांनी विधानसभा निवडणुकीवर बहिष्कार टाकणार असल्याचे निवेदनातून स्पष्ट केले. तसेच ९ सप्टेंबरपासून बेमुदत उपोषणाचा इशारा निवेदनातून दिला आहे.

# भंडारा जिल्हा मजूर संघाच्या अध्यक्षाला पदमुक्त करा

आवाज भंडारा / प्रतिनिधी



**तुमसर :** सहकार कायद्यान्वये नोंदणी केलेल्या मजूर सहकारी संस्थांना नियमाप्रमाणे मजुरांचा अर्थिक आणि सामाजिक स्तर उंचवावा त्यांना रोजगार संधी उपलब्ध व्हावी या दृष्टीकोनातून मजूर संस्थांची स्थापना करत त्यांच्यामार्फत विकास कामे करून घेण्याचे धोरण शासनाद्वारे स्विकारण्यात आले होते. मात्र या संस्थांमध्ये गरीब मजुरांऐवजी धनदांडगेच शिरले आहे. यामुळे मजुरांचा जीवनस्तर उंचावण्याचा शासनाचा उद्देश विफल होत असल्याचे दिसून येत आहे.

असाच एक प्रकार समोर आला आहे. गणराजबाबा मजूर सहकारी संस्था मेंगापूर या संस्थेचा हा मजूर साधासुधा नाही तर करोडपती असलेला आहे, असा आरोप करण्यात येतोय. भ. सु. खंडाईत असं या मजूर व्यक्तीचं नाव आहे. तर हे सध्या भंडारा जिल्ह्या मजूर संघांचे अध्यक्ष सुद्धा आहेत. गाव नमूना सात अधिकार अभिलेख पत्रक गाव कवलेवाडा तालूका लाखनी भुमापन क्रमांक १२१,५३५/२,६०५/३ या अभिलेखानुसार करोडो रुपयाची संपत्ती आहे. तर त्यावर ३ करोड २५ लक्ष रुपये राष्ट्रीयकृत बँकेत कर्ज घेऊन सातबारा वर बोझा चढवलेला आहे. खंडाईत हे गणराजबाबा मजूर सहकारी संस्था मर्यादित मेंगापुर तालुका लाखनी या संस्थेत मजूर आहेत.

सातबारावरील पुराव्याच्या आधारे असे दिसून येते की संबधित अध्यक्ष यांच्या नावावर कोट्यावधी रुपयांची नियमबाह्य रित्या कमावलेली मालमत्ता आहे. तसेच हे जिल्ह्यातील गब्बर असलेल्या कंत्राटदाराच्या नावावर काम करतात याची सुध्दा चर्चा आहे. या अभिलेखानुसार कोट्यावधीरुपयांची संपत्ति असलेला अध्यक्ष मजूर कसा? जर मजूर असेल तर करोडो ची सम्पती याच्याकडे आली कशी? या निमित्ताने असा प्रश्न निर्माण होते. सहकार कायद्यानुसार एखादा मजूर अल्प्भुधारक असेल त्यालाच मजूर संस्थेचा सदस्य होता येते. सदर व्यति आर्थिक दृष्टया मजूर असल्याचे दिसत नाही. तसेच या धनदांडग्या मजुराकडे वेगवेगळ्या लोकांच्या नावावर बार, राईस मिल, १० ट्रकटर, २ एसी असलेल्या फोर व्हीलर, पोक्ल्यंड, २ जेसीबी व भंडारा नागपुर अश्या मोठमोठ्या शहरामधे बेनामी संपत्ति असल्याची सुधा चर्चा आहे. असे तक्रारीत नमूद आहे.

या प्रकरणी या बेनामी संपत्ति चीआयकर विभाग सहकार आयुक्त नियमानुसार चौकशी करुन सम्बिधतावर कारवाई करावी. त्या अध्यक्षाला तातकाळ पदावरुन दूर करावे आणि गणराजबाबा मजूर सहकारी संस्था मर्यादित मेंगापुर तालुका लाखनी या संस्थेची नोंदणी रद्द करण्यात यावी. शासनाची दिशाभूल करुन बेनामी सम्पती जमवली असल्याने सम्बिधतावर फौजदारी गुन्हा दाखल करण्यात यावा. अशी तक्रार एका तक्रार कत्यार्ने व भंडारा जिल्हा नवीन मजूर संघटनेच्या वतीने जिल्हा उपनिबंधक सहकारी संस्था भंडारा व सहाय्यक निबंधक सहकारी संस्था लाखनी यांना केली असून सहकार आयुक्त पुणे, विभागीय सहनिबंधक नागपूर आयकर अधिकारी भंडारा, प्र. आयकर आयुक्त नागपूर यांना कार्यवाहिस्तव तक्रारीची प्रतिलिपी दिली आहे असे तक्रारीत दिसते.

# भालू के हमले में युवक घायल

## देवरी संरक्षित वन क्षेत्र में हुई घटना

आवाज भंडारा / प्रतिनिधी

**भंडारा :** बकरियों के लिए चारा के रूप में टहनियां लाने जंगल में गए एक युवक पर अचानक भालू ने पीछे से हमला कर दिया. युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना देवरी संरक्षित वन क्षेत्र में सोमवार, 26 अगस्त को सुबह 7.30 बजे के दौरान हुई. घायल वाकल निवासी सुरेश घनश्याम बोरकर (34) है. रोजाना की तरह सुरेश सुबह बकरियों के लिए चारा लाने देवरी जंगल पहुंचा.




जब वह पेड की टहनियां काटने में व्यस्त था, तभी झाड़ी के पीछे छिपे भालू ने सुरेश पर पीछे से हमला कर दिया. सुरेश ने अपनी जान बचाने के लिए पेड़ की एक बड़ी शाखा पकड़कर ऊपर चढ़ने की कोशिश की. लेकिन पैर लटक जाने के कारण भालू ने पैर को घायल कर दिया. जिससे सुरेश नीचे गिर गया. भालू के पूरे शरीर को नोचने से सुरेश गंभीर रूप से घायल हो गया. लेकिन सुरेश ने भी पूरी ताकत से बालू का विरोध किया.

इसके बाद सुरेश पास के एक पेड़ पर चढ़ गया. थोड़ी देर बाद भालू जंगल में भाग गया. भालू के हमले का सामना करने में सुरेश का साहस सराहनीय है. इसी से उसकी जान बच गई. भालू से घायल होने के बाद जब वह चलने- फिरने में असमर्थ हो गया तो वह बहादुरी से एक पेड़ पर चढ़ गया और खुद को भालू से छुड़ा लिया. गांव में अपने दोस्तों को फोन कर बुलाया और अस्पताल में भर्ती कराया.

# भंडारा नाका - फुलमोगरा मार्ग पर हुए गड्ढे

## दुर्घटना की आशंका, जान हथेली पर रखकर हो रहा सफर

आवाज भंडारा / प्रतिनिधी



**जवाहरनगर :** राष्ट्रीय महामार्ग पर भंडारा नाका से फुलमोगरा तक के मार्ग पर गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों से बचने के चक्कर में अनेक दुर्घटनाएं हुई हैं। जान हथेली पर रखकर वाहन चालकों को यात्रा करनी पड़ रही है। इस लिए मार्ग के गड्ढे तत्काल दुरुस्त करने की मांग वाहन चालकों व्दारा की जा रही है।

राष्ट्रीय महामार्ग नागपुर भंडारा पर भारी वाहनों का यातायात रहता है। यह मार्ग आगे पश्चिम बंगाल तक गया है। भारी यातायात के कारण मार्ग उखड़ गया है। इस ओर संबंधित विभाग ने अनदेखी की है। फुलमोगरा से अशोक नगर के दौरान बायपास उड़ानपुल का निर्माणकार्य किया जा रहा है। इससे आगे जवाहरनगर पुलिस थाना की सीमा तक फुलमोगरा से मुजबी नाला के पुल तक मार्ग खराब हो गया है। बेला स्थित जिला परिषद शाला के सामने मार्ग पर गड्ढे हो गए हैं। जनचेतना मूकबधिर मतिमंद शाला के सामने के मार्ग पर 15 से 20 फीट तक की दूरी का गड्ढे हो गये हैं। भंडारा नाका से रेलवे क्रासिंग तक गड्ढे हैं।

# देशी शराब का अवैध स्टॉक किया जब्त

आवाज भंडारा / प्रतिनिधी

**लाखांदूर :** दोपहर के समय गश्त पर गए पुलिस कर्मियों को एक व्यक्ति स्थानीय वैनगंगा नदी किनारे अवैध रूप से देशी शराब का संग्रहण करने और शराब की विक्री करने की गुप्त जानकारी मिली. इस जानकारी के आधार पर पुलिस कर्मियों ने नदी घाट पहुंचकर 5,320 रुपए के देशी शराब को पकड़ा. इतना ही नहीं तो शराब का अवैध रूप से संग्रहण करने वाले आरोपी को भी दबोच लिया.




उक्त कार्रवाई 25 अगस्त को दोपहर 2 बजे के दौरान तहसील के मोहरना के वैनगंगा नाडीघाट परिसर में की गई. इस कार्रवाई में आरोपी का नाम मोहरना निवासी आनंदराव कारू मेश्राम (55) है. उसके खिलाफ मामला दर्ज कर 5,320 रुपए मूल्य की देशी शराब का स्टॉक जब्त किया गया. पुलिस सूत्रों के अनुस्कर तहसील के मोहरना गांव में पिछले कुछ वर्षों से शराब बंदी घोषित की गई है.

इसके बावजूद कुछ असामाजिक तत्व गैर कानूनी रूप से देशी शराब के बिक्री चोरी छिपे कर रहे है. इस बीच लाखांदुर थाने के पुलिस हवलदार सतीश सिंगनजुडे, पुलिस अंमलदार विकास रनदिवे, टेकाम आदि तहसील के मोहरना गांव में गश्त पर गए थे. इस दौरान आरोपी की ओर से देशी शराच का अवैध स्टॉक जमा करके वैनगंगा नदी घाट परिसर में अवैध रूप से बेचे जाने की गुप्त जानकारी प्राप्त हुई. इस जानकारी के आधार पर पुलिस कर्मियों ने घटनास्थल पहुंचकर आरोपी को शराब सहित रंगेहाथ पकड़ा. इस मामले की आगे की जांच धानेदार सचिन पवार के मार्गदर्शन में शुरू है.

# ग्रामपंचायत पदाधिकारी 28 को मुंबई में करेंगे आंदोलन

आवाज भंडारा / प्रतिनिधी

**भंडारा :** सरपंच संगठन की मांग के लिए प्रशासन असमर्थ होने के कारण राज्य स्मपंच संगठन में नाराजगी है। इस लिए सरपंच, उपसरपंच, ग्रामसेवक, कम्प्यूटर ऑपरेटर और ग्रामपंचायत के सभी कर्मचारियों ने 16 अगस्त से हड़ताल शुरू की है। अब बुधवार, 28 अगस्त को सरपंच संगठन व्दारा मुंबई में आंदोलन किया जाएगा। जिसमें जिले के सरपंच संगठन भी भाग लेनेवले हैं। अगस्त महीने के पहले सप्ताह में ग्रामपंचायत के समस्या एवं परेशानी मंत्रियों के निदर्शन में लाए गए थे।




किंतु संबंधित मंत्रियों ने इस ओर अनदेखी की। सरपंच संगठन ने प्रत्येक जिले के सरपंच संगठक को राज्यव्यापी काम बंद करने का पत्र भेजा था। उसपर अमल कर भंडारा जिले की 542 ग्रामपंचायत के सरपंचों ने 16 अगस्त को ग्रामपंचायत में ताला लगाया था। इसके पश्चात जिले की सालों तहसील की पंचायत समिति में खंडविकास एवं विस्तार अधिकारी के कक्ष में ग्रामपंचायत की चाबियां सौंपी थीं। पंचायत समिति के बाहर प्रशासन के विरोध में जिले के करीब दो हजार ग्रामपंचायत पदाधिकारियों ने काम बंद आंदोलन में सहभाग लिया।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ चर्चा में शिष्टमंडल को आश्वासन दिया गया। किंतु अब तक आश्वासन के अनुसार किसी भी प्रकार की कार्रवाई होती दिखाई नहीं दे रही। इसलिए राज्यव्यापी आंदोलन वापस नहीं लेने की भूमिका ग्रामपंचायत पदाधिकारियों ने ली है। जिले के सरपंच संगठन मांग पूरी करने के लिए मुंबई के आजाद मैदान पर राज्य शासन के विरोध में आंदोलन में भाग लेंगे।

# परसवाड़ा की जलापूर्ति नल योजना 20 वर्ष से बंद

## परेशान ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

आवाज भंडारा / प्रतिनिधी

**तुमसर :** तहसील के ग्राम परसवाड़ा (दे.) की पानी आपूर्ति नल योजना गत 20 वर्ष से बंद होने के कारण महिलाओं को 2 किमी दूरी पर से सिर पर पानी ढोकर लाना पड़ता है. इससे इससे संतप्त ग्रामीणों ने आंदोलन करने की चेतावनी दी है. निवेदन में कहा कि, परसवाड़ा में पीने के पानी की समस्या के कारण महिलाओं को परेशान होना पड़ता है. साथ ही ग्रामीणों को दूषित पानी पीकर विभिन्न बीमारियों को आमंत्रण देना पड़ता है. गर्मी के दौरान हालात काफी गंभीर हो जाते हैं. सिर पर पानी से भरा घड़ा ले जाना ग्रामीण महिलाओं के टेढ़ी खिर साबित होता है.



वर्तमान में सभी सुविधाएं उपलब्ध होने के बाद ग्रामीणों को बुनियादी समस्याओं से ग्रस्त होना पड़ता है. यह काफी गंभीर बात है. गत 18 से 20 वर्ष पूर्व गांव में नल योजना के लिए पानी की टंकी का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया. लेकिन पानी आपूर्ति की सुविधा उपलब्ध कराई नहीं गई. ग्रामीणों की ओर से अनेकों बार जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के बाद गांव में 3 वर्ष पूर्व नल योजना शुरू की गई. लेकिन उसके 15 दिन बाद नल योजना पूर्णता बंद हुई.

# गांधी चौक पर लौटे पुलिस

आवाज भंडारा / प्रतिनिधी

**भंडारा :** गांधी चौक, जो शहर के सबसे व्यस्त और प्रमुख इलाकों में से एक है, वहां एक बार फिर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है. सोमवार को जिले के नए एसपी नुरुल हसन से प्रेस वार्ता में पत्रकारों ने ध्यानाकर्षण किया की गांधी चौक में पुलिस नदारद है जिसके तुरंत बाद यह कार्रवाई दिखी. यह कदम शहर में कानून व्यवस्था को बनाए रखने और यातायात की समस्याओं को नियंत्रित करने के उद्देश्य से उठाया गया है.



गांधी चौक लंबे समय से लोगों की आवाजाही और व्यावसायिक गतिविधियों का केंद्र रहा है, जिसके कारण यहां अक्सर यातायात जाम और अन्य कानून व्यवस्था की समस्याएं देखने को मिलती थीं. स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने कई बार प्रशासन से इस क्षेत्र में पुलिस की तैनाती की मांग की थी, ताकि समस्याओं का समाधान किया जा सके.

पुलिसकर्मियों की वापसी से न केवल यातायात का नियंत्रण बेहतर होगा, बल्कि क्षेत्र में सुरक्षा का भी माहौल बनेगा.

पुलिस प्रशासन ने यह कदम नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए उठाया है, जिससे गांधी चौक पर आने वाले लोगों को राहत मिलेगी. स्थानीय लोगों ने इस फैसले का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे शहर में शांति और व्यवस्था बनी रहेगी.

# रेत का अवैध परिवहन करते दो ट्रैक्टर पकड़े

आवाज भंडारा / प्रतिनिधी

**सिहोरा :** वारापिंडकेपार परिसर में रेत का अवैध तरीके से परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर पुलिस ने पकड़े। घटना 23 अगस्त को सामने आई। इस कार्रवाई में पुलिस ने दो ट्रैक्टर समेत रेत ऐसा कुल 6 लाख 3 हजार का माल जब्त किया। तुमसर तहसील के तहत आनेवाले वारा पिंडकेपार परिसर में ट्रैक्टर क्रमांक एमएच 36 एल 4305 एवं एक बिना नंबर का ट्रैक्टर से रेत का अवैध तरीके से परिवहन कर रहा था। जिसकी जानकारी पुलिस को मिलते ही पुलिस ने दोनों ट्रैक्टर पकड़े। ट्रैक्टर चालक एवं मालिक पर सिहोरा पुलिस थाने में अपराध दर्ज किया।

# मैग्नीज का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर जब्त

आवाज भंडारा / प्रतिनिधी

**गोबरवाही :** गश्त लगा की पुलिस ने नाकाडोंगरी परिसर में मैग्नीज की चोरी कर रहे ट्रैक्टर पर कार्रवाई की। यह कार्रवाई 22 अगस्त को गोबरवाही पुलिस ने रात के करीब 9.30 बजे की है।

इस कार्रवाई में पुलिस ने ट्रैक्टर समेत 1 हजार 200 कुल 4 लाख 86 हजार का माल जब्त किया है। साथ ही आरोपी ट्रैक्टर चालक एवं मालिक पर अपराध दर्ज किया है। गोबरवाही पुलिस थाने में पुलिस सिपाही मुकेश गावधने अन्य कर्मियों के साथ गश्त लगा रहे थे।

ऐसे में नाकाडोगरी से गोबरवाही की ओर आ रहे ट्रैक्टर क्रमांक एमएच 36 झोड 9382 का चालक आरोपी चिखला निवासी अरबाज शेख (22) मैनीज का अवैध तरीके से परिवहन करते हुए नजर आया।

ट्रैक्टर रोकने के लिए बोलने पर आरोपी चालक वहां से भाग गया। पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त करके ट्रैक्टर मालिक आरोपी सुरेंद्र बावीसताले (28) पर मामला दर्ज किया।

# तुमसर शहर की सड़के हो गई जर्जर

## गड्ढों में पानी भर जाने से बाइक चालक हो रहे दुर्घटनाग्रस्त

आवाज भंडारा / प्रतिनिधी

**तुमसर :** महाराष्ट्र की सीमा पर मध्य प्रदेश से आने वाले ट्रको में क्षमता से अधिक माल भर कर यातायात किए जाने से तहसील की सड़कों की हालत खस्ता हुई है. सबंधित गड्डो में पानी भर जाने के कारण क्षेत्र के बाइक चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं. तहसील में इसके पूर्व ट्रक एवं अन्य बड़े वाहन बावनथड़ी के रास्ते से आ रहे थे, लेकिन गत 2 वर्ष से बावनथड़ी पुल के दुर्भाग्य के कारण पुल पर से बड़े वाहनों का यातायात रोक दिया गया है. इस कारण सभी ट्रक एवं बड़े वाहन बपेरा की ओर से आ रहे हैं. इससे बपेरा ब्रिज भी खराब होने की कगार पर पहुंच गया है. साथ ही बपेरा से तुमसर की ओर जाने वाली सड़क भी काफी खस्ताहाल होने से इस मार्ग पर दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि हुई है. इस ओर ट्रैफिक पुलिस विभाग की ओर से भी ध्यान नहीं दिया जाता है, मध्यप्रदेश से आने वाले ट्रक भंडारा, नागपुर की ओर जाते है. इसमे एक ट्रक को 25 से 30 टन माल ले जाने की अनुमति होने के बावजूद ट्रक में 40 से 50 टन से अधिक लाल मिट्टी, रेत एवं अन्य माल बोया जाता है. पुलिस एवं राजस्व प्रशासन को ध्यान देने एवं संबंधित ट्रांसपोर्टरों के खिलाफ तत्काल दंडात्मक कार्यवाही करने की आवश्यकता है, ताकि सरकारी राजस्व का नुकसान नहीं होना चाहिए, लेकिन इस ओर सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारियों की ओर से अनदेखी किए जाने से 24 घंटे यह सिलसिला जारी रहता है. इससे सड़कों की हालत पूरी तरह से खराब हुई है. जगह जगह सड़कों पर गड्ढे पड़ जाने से एवं उसमें बारिश के चलते पानी भर जाने के कारण बाइक चालको को काफी परेशानी होती है. इस दिशा में तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करने की मांग की जा रही है.



# पुलिसकर्मी बनकर ठगे 45,000 रु. के आभूषण

आवाज भंडारा / प्रतिनिधी

**भंडारा :** खुद को पुलिसकर्मी बताकर एक व्यक्ति ने 45 हजार रुपये मूल्य के आभूषण ठग लिए. यह घटना 22 अगस्त की शाम कारेमोरे सेलिब्रेशन हॉल के सामने भंडारा में हुई. ठगे गए व्यक्ति का ना भदुकर बाबूराव भूरे (71) है और वह सुभाष वार्ड डॉक्टर कॉलोनी बेला का निवासी है.

गुरुवार, 22 अगस्त को शाम के समय वह कारेमोरे सेलिब्रेशन हॉल के सामने से साप्ताहिक बाजार के लिए जा रहा था, तभी मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति उसके पास आएं और उनसे सड़कों पर मत घूमो, बहुत सारी चोरियां हो रही हैं ऐसा बताकर उसने खुद को पुलिस वाला बताया और उनसे सोने की अंगूठी और लॉकेट सुरक्षित रखने के लिए मांग लिया.

कथित रूप से उक्त आभूषणों को बांधकर रखा गया एक कागज का पुलिंदा उस बुजूर्ग व्यक्ति को थमाया और वे फरार हो गए. जब उसने घर जाकर कागज का पुलिंदा खोला तो उसे एहसास हुआ कि उसे नकली आभूषण देकर ठग लिया गया है. इस तरह 45 हजार रुपये की उसके साथ ठगी कर ली गई है. इस मामले में भंडारा पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है.

साप्ताहिक आवाज भंडारा हे वृत्तपत्र मालक, प्रकाशक, संपादक शमेशर वाहब खान यांनी राकेश प्रिंटींग प्रेस राजिव गांधी चौक, साई मंदीरसमोर तकीया वार्ड , भंडारा येथे छापून साप्ताहिक आवाज भंडारा कार्यालय, तकीया दर्गाह जवळ, तकीया वार्ड भंडारा येथे प्रकाशित केले. मुख्य संपादक -शमशेर खान मोबाईल नंबर - ७९७२७९५६५५ ईमेल-awazbhandara@gmail.com Owner,Publisher, ShamsherWahab Khan on behalf Of Weekly Awaz Bhandara Printed at Rakesh Printing Press, Rajiv Gandhi Chowk(TakiyaWard) Opp.sai mandir Bhandara-441904 and Published at takiya Dargah near Old Majjid, Takiya ward Bhandara 441904 Editor-Shamsher Khan Mo.7972795655
Email- awazbhandara@gmail.com प्रकाशित समाचारों से संबंधित कोई भी वाद भंडारा न्यायालय अंतर्गत निपटारा किया जाएगा !